PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Sun, 21 May 2017, Page 9
Width: 24.94 cms, Height: 10.67 cms, a4r, Ref: 26.2017-05-21.55

घाटी में तीन साल में मारे गए 400 आतंकी

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

जम्मू-कश्मीर में तीन सालों में करीब चार सौ आतंकी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए हैं। पिछले साल करीब डेढ़ सौ आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान लगातार जारी है। अभी भी घाटी में बड़ी संख्या में आतंकियों के छिपे होने की खबर सुरक्षा एजेंसियों के पास है।

द. कश्मीर में जमावड़ा

आतंकियों का सबसे ज्यादा जमावड़ा दक्षिण कश्मीर में है। घाटी के हिस्सों में करीब दो सौ आतंकियों की मौजूदगी की खबरें एजेंसियों के पास है। हिज्बुल द्वारा की गई भर्तियों का सटीक आंकड़ा तो एजेंसियों के पास नहीं है। लेकिन कई गांवों से युवकों के गायब होने पर एजेंसियों को आशंका है कि वे आतंकी गुटों की शरण में चले गए हैं।

युवा हो रहे गुमराह

सूत्रों ने कहा कि जिन स्थानीय युवाओं ने गुमराह होकर हथियार थामा है उनको सुरक्षा बलों की ओर से हथियार छोड़ने का मौका भी दिया जाता है। लेकिन हिंसा फैलाने, सुरक्षा बलों को निशाना बनाने वाले और देश के खिलाफ साजिश रच रहे आतंकियों को सुरक्षा बल मुठभेड़ में ढेर कर रहे हैं।